राजस्थानसरकार

# आयुक्तालय, कॉलेजशिक्षा, राजस्थान, जयपुर

**Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur- 302015, Rajasthan**

International Year of Cooperatives 2025
Cooperatives Build a Better World

क्रमांक–एफ23(64)लेखा/आकाशि/छात्र./अजीम प्रेमजी छात्र./2024–25/ई–17798 दिनांकः–यथा ई–हस्ताक्षर

समस्त रजिस्ट्रार/प्राचार्य
वित्तपोषित विश्वविद्यालय/निजी विश्वविद्यालय
राजकीय/निजी महाविद्यालय,
राजस्थान।

विषयः–छात्राओं हेतु अजीम प्रेमजी स्कॉलरशिप शैक्षणिक वर्ष 2025–26 के प्रचार–प्रसार के संबंध।

संदर्भः–अजीम प्रेमजी फाउण्डेशन से प्राप्त पत्र दिनांक 27.08.2025।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के क्रम में लेख है कि अजीम प्रेमजी फाउण्डेशन द्वारा बालिकाओं की उच्च शिक्षा में भागीदारी, समानता एवं सशक्तिकरण हेतु वर्ष 2024–25 से **अजीम प्रेमजी स्कॉलरशिप** को प्रारम्भ किया गया।इस स्कॉलरशिप के अन्तर्गत शैक्षणिक सत्र 2025–26 में राजस्थान राज्य की लगभग 35 हजार छात्राओं लाभान्वित किये जाने का लक्ष्य है। इस स्कॉलरशिप के तहत शैक्षणिक वर्ष 2025–26 की लिए छात्राओं से स्कॉलरशिप आवेदन 02 चरणों में (**प्रथम चरण–10 सितंबर से 30 सितंबर 2025 एवं द्वितीय चरण–10 जनवरी से 31 जनवरी 2026**) मेंस्वीकार किए जाएंगे। उक्त स्कॉलरशिप के तहत चयनित छात्राओं को प्रथम स्नातक पाठयक्रम की संपूर्ण अवधि के लिए प्रतिवर्ष 30,000 रूपये की छात्रवृति प्रदान की जावेगी। उक्त स्कॉलरशिप की जानकारी अधिक से अधिक छात्राओं तक पहुंचाने हेतु व्यापक प्रचार–प्रसार करने के लिए विश्वविद्यालय/महाविद्यालय सूचना पट्ट, विश्वविद्यालय/महाविद्यालय वेबसाइट, बैनर, सोशल मिडिया इत्यादि का उपयोग किया जावें, जिससे उच्च शिक्षा में अध्ययनरत छात्राएं लाभान्वित हो सकें।

संलग्न–संदर्भित पत्र।

(प्रो. मुरारी लाल दायमा)
संयुक्त निदेशक, छात्रवृत्ति

क्रमांक–एफ23(64)लेखा/आकाशि/छात्र./अजीम प्रेमजी छात्र./2024–25/ई–17798 दिनांक–
प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है–

1. अजीम प्रेमजी फाउंडेशन, जयपुर।
2. वेबसाइट प्रभारी, वेबसाइट पर अपलोड हेतु।

Signature valid
Digitally signed by Murari Lal Dayma
Designation : Joint Director
Date: 2025.09.18 11:15:04 IST
Reason: Approved

संयुक्त निदेशक, छात्रवृत्ति

RajKaj Ref No.: 17669132

Azim Premji Foundation

दिनाँक: 27 अगस्त 2025

प्रति,

आयुक्त महोदय,

आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, जयपुर,

राजस्थान।

**विषय:** छात्राओं हेतु **अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप** के प्रचार-प्रसार एवं नामांकन में सहयोग के संबंध में।

**महोदय,**

सादर निवेदन है कि अज़ीम प्रेमजी फ़ाउंडेशन द्वारा **अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप** का आरंभ पिछले वर्ष (शैक्षणिक सत्र: 2024-25) से किया गया है। पिछले वर्ष मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, राजस्थान एवं झारखंड राज्यों की 25,000 से अधिक छात्राओं को यह स्कॉलरशिप दी गई थी, जिनमें **राजस्थान राज्य की 5200 छात्राएँ** सम्मिलित है।

इस वर्ष (शैक्षणिक सत्र: 2025-26) यह स्कॉलरशिप **19 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों** के लगभग **2.5 लाख छात्राओं** को दी जाएगी – जिनमें **राजस्थान भी शामिल है।**

इस स्कॉलरशिप के अंतर्गत चयनित छात्राओं को उनके **प्रथम स्नातक पाठ्यक्रम की संपूर्ण अवधि** के लिए **सालाना ₹30,000 की राशि** प्रदान की जाएगी, जिसका उपयोग वे ट्यूशन फीस या शिक्षा-संबंधी किसी अन्य खर्च के लिए कर सकते है। इस स्कॉलरशिप के लिए वे सभी छात्राएँ पात्र है जिन्होंने:

1. **कक्षा 10वी और कक्षा 12वी** दोनों की पढ़ाई किसी **सरकारी स्कूल से नियमित छात्रा** के रूप में पूरी की हो। यह स्कूल नीचे बताए गए **राज्य या केंद्र शासित प्रदेश** में होना चाहिए।
2. **शैक्षणिक सत्र 2025-26** में किसी मान्यता प्राप्त स्नातक डिग्री या डिप्लोमा पाठ्यक्रम (अवधि: 2 से 5 वर्ष) के **प्रथम वर्ष में नियमित छात्रा** के रूप में प्रवेश लिया हो। यह प्रवेश भारत में किसी भी राज्य या केंद्र शासित प्रदेश के सरकारी या विश्वसनीय एवं प्रामाणिक निजी कॉलेज या विश्वविद्यालय में हो सकता है।

**19 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की सूची: अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, ओडिशा, पुदुचेरी, राजस्थान, सिक्किम, तेलंगाना, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड*

इस स्कॉलरशिप के लिए आवेदन **2 चरण** मे लिए जाएंगे:

- चरण 1: 10 सितंबर से 30 सितंबर 2025
- चरण 2: 10 जनवरी से 31 जनवरी 2026

*आवेदन की प्रक्रिया पूरी तरह निशुल्क है और सभी आवेदन केवल हमारी वेबसाइट के माध्यम से अनलाइन स्वीकार किए जाएंगे।*
*https://azimpremjifoundation.org/what-we-do/education/azim-premji-scholarship/*

Azim Premji Foundation for Development, 134 Doddakannelli, Next to Wipro Corporate Office, Sarjapur Road, Bangalore- 560 035

Phone:91 80 66144900/01/02 Fax: 9180 66144903 Website: www.azimpremjifoundation.org
CIN: U80301KA2009NPL051792

बालिकाओं की उच्च शिक्षा में भागीदारी हमारे समाज के सामाजिक-आर्थिक विकास को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अत: अधिकतम पात्र छात्राओं को इस स्कॉलरशिप का लाभ दिलाने हेतु आप के सहयोग की अपेक्षा है।

इस संदर्भ में, आपसे अनुरोध है कि राज्य के समस्त सरकारी एवं प्रामाणिक निजी महाविद्यालयों/विश्वविद्यालयों में इस योजना की जानकारी व्यापक रूप से प्रसारित करने का कष्ट करें। साथ ही, स्कॉलरशिप की आवेदन प्रक्रिया की समझ बढ़ाने के लिए और छात्राओं को नामांकन के लिए प्रोत्साहित करने के लिए, निम्नलिखित प्रयास किए जा सकते हैं:

1. **प्राचार्य-वेबिनार:** उच्च शिक्षा विभाग के सहयोग से राज्य के समस्त महाविद्यालय प्राचार्यों के साथ एक लाइव वेबिनार का आयोजन कर सकते है (लिंक ईमेल/व्हाट्सऐप से साझा किया जा सकता है), जिसमें अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन के प्रतिनिधि इस स्कॉलरशिप के बारे में विस्तृत जानकारी साझा कर सकें।
2. **महाविद्यालय-स्तरीय जागरूकता अभियान:** पात्र छात्राओं को आवेदन हेतु प्रोत्साहित करने के लिए महाविद्यालयों में विशेष अभियान या गतिविधियाँ आयोजित की जा सकती है।

इस विषय में आपका सक्रिय नेतृत्व एवं मार्गदर्शन न केवल बालिकाओं की उच्च शिक्षा तक पहुँच को सशक्त करेगा, बल्कि सरकार द्वारा परिकल्पित समानता और सशक्तिकरण के व्यापक लक्ष्यों को भी साकार करेगा

सादर,

अज़ीम प्रेमजी फ़ाउंडेशन
जयपुर

Azim Premji Foundation for Development, 134 Doddakannelli, Next to Wipro Corporate Office, Sarjapur Road, Bangalore- 560 035
Phone:91 80 66144900/01/02 Fax: 9180 66144903 Website: www.azimpremjifoundation.org
CIN: U80301KA2009NPL051792

## अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप 2025-26 के लिए आवेदन करने के लिए नीचे दिए गए निर्देशों को ध्यान से पढ़ें

### आवेदन के लिए जरूरी योग्यता

- 10वीं और 12वीं दोनों कक्षा नियमित छात्रा (Regular Students) के रूप में केवल सरकारी विद्यालय से उत्तीर्ण हो।
- शैक्षणिक सत्र 2025-26 में किसी मान्यता प्राप्त स्नातक डिग्री या डिप्लोमा पाठ्यक्रम (अवधि: 2 से 5 वर्ष) के प्रथम वर्ष में नियमित छात्रा के रूप में प्रवेश लिया हो।
- यह प्रवेश भारत में किसी भी राज्य या केंद्र शासित प्रदेश के सरकारी या विश्वसनीय एवं प्रामाणिक निजी कॉलेज या विश्वविद्यालय में हो सकता है।
- आपके पास प्रथम वर्ष एडमिशन का प्रूफ जैसे- फीस की रसीद अवश्य होने चाहिए जिससे यह प्रमाणित हो सके कि आप महाविद्यालय की नियमित छात्रा हैं।

### आवश्यक दस्तावेज (आवेदन के समय निम्न दस्तावेजों की original कॉपी को स्कैन कर अपलोड करना होगा)

- **पासपोर्ट आकार का फोटो-** एक 2X2 इंच के रंगीन फोटो की स्कैन कॉपी। ध्यान रहे कि यह फोटो 6 महीनों से ज़्यादा पुराना नहीं होना चाहिए। इस फोटो में आवेदक के चेहरे का सामने वाला हिस्सा साफ़-साफ़ दिखाई देना चाहिए।
- **हस्ताक्षर-** साफ़ और सफ़ेद कागज पर हस्ताक्षर की फोटो या स्कैन कॉपी
- **आधार कार्ड** - आपके आधार कार्ड के सामने वाले हिस्से की रंगीन स्कैन कॉपी अपलोड करनी होगी। इसमें स्पष्ट रूप से आपका नाम, आपकी फोटो और जेंडर दिखाई देना चाहिए। कृपया आधार कार्ड की फोटोकॉपी, ब्लैक-एण्ड-व्हाइट कॉपी, स्क्रीनशॉट या लॉक की हुई कॉपी का स्कैन अपलोड न करें।
- **स्वयं का बैंक खाता** – आवेदक को अपने बैंक खाते के पासबुक पहले पत्र की स्कैन कॉपी अपलोड करनी होगी। (अभिभावकों या किसी अन्य का देने पर आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा)
- **कॉलेज या विश्वविद्यालय में प्रवेश का प्रमाण-** अपने कॉलेज से प्राप्त प्रवेश शुल्क **फीस की रसीद** या **बोनाफाइड प्रमाण पत्र** लेकर अपलोड करें। इस दस्तावेज़ पर आपका नाम, कॉलेज का नाम, की जा रही डिग्री का नाम, अकादमिक वर्ष, कोर्स के शुरू होने की तारीख, दस्तावेज़ के जारी होने तारीख, जारी करने वाले प्राधिकारी की सील बिल्कुल स्पष्ट दिखाई देना चाहिए। किसी भी तरह की कांट-छांट या एडिट किए गए दस्तावेज़ की स्कैन कॉपी अपलोड न करें।

### बैंक विवरण हेतु निर्देश:-

- आवेदक को अपने बैंक खाते के पासबुक पहले पत्र की स्कैन कॉपी अपलोड करनी होगी। इस स्कैन में खाताधारक का नाम, खाता संख्या, IFSC कोड, और बैंक शाखा की सारी जानकारी स्पष्ट दिखाई देनी चाहिए।
- अगर आपके पास पासबुक नहीं है या आपकी पासबुक पर यह जानकारी नहीं छपी हुई है या हाथों से लिखी हुई है या साफ-साफ नहीं देखी जा सकती है, तो अपने बैंक की शाखा से पिछले 1 महीने का बैंक स्टेटमेंट हासिल करें और उसका स्कैन प्रस्तुत करें। इस स्कैन में खाताधारक का नाम, खाता संख्या, IFSC कोड, और बैंक शाखा की सारी जानकारी स्पष्ट दिखाई देनी चाहिए।
- आवेदक का अकाउंट वाणिज्यिक बैंक (scheduled commercial bank) में होना चाहिए एवं वो अकाउंट Active भी होना चाहिए।
- अस्पष्ट, हाथों से लिखे हुए, अपठनीय, काट-छांट कर दोबारा लिखे हुए दस्तावेज़ प्रस्तुत न करें।

**नोट-** उपरोक्त सभी दस्तावेज PDF/PNG/JPG फ़ाइल प्रारूप में ही स्वीकार्य हैं, जिनका साईज 30 KB से 500 KB के बीच होना चाहिए, इससे ज्यादा या कम होने पर अपलोड नहीं हो पीएगा।

### आवेदन करने के चरण ( इन्हें क्रमश: फॉलो करें, इससे आवेदन करने में आसानी होगी )

1. **वेबसाइट पर जाएँ: [https://azimpremjifoundation.org/what-we-do/education/azim-premji-scholarship/](https://azimpremjifoundation.org/what-we-do/education/azim-premji-scholarship/)**

2. New Application Cohort 2025 पर क्लिक करें




3. इसके क्लिक करने के बाद आपको पात्रता की जाँच हेतु 5 प्रश्नों के उत्तर हाँ/नहीं में देने हैं। इसे भरने के बाद आपको अपने मोबाईल नंबर से रजिस्ट्रेशन करने हेतु पूछा जाएगा।
4. मोबाइल नंबर से रजिस्टर करें ⟶ OTP दर्ज करें ⟶ user name प्राप्त करें
5. **आपको** रजिस्टर्ड फोन नंबर पर user name आने में थोड़ा समय लग सकता है इसलिए प्रतीक्षा करें, user name से आपका आवेदन स्वीकार किया जाएगा इसलिए उसे अपने पास लिखकर दर्ज भी कर लें, फिर उसके बाद अपना पासवर्ड भी सेट करें जिसमें न्यूनतम 8 अक्षर; इसमें 1 बड़ा अक्षर, 1 अंक, और 1 विशेष चिन्ह होना अनिवार्य है)




6. इसके बाद आवश्यक दस्तावेजों को ऊपर बताए गए फॉर्मेट में अपलोड करते हुए आवेदन की प्रक्रिया को पूर्ण करें।
7. आवेदन करने मात्र से स्कॉलरशिप हेतु चयनित होने की गारंटी नहीं है। स्कॉलरशिप टीम संख्या के आधार पर सभी आवेदनों की जाँच करेगी और चयनित उम्मीदवारों को समय समय पर सूचित किया जाएगा।

**इसके लिए कौन पात्र नहीं है**

- जिसने ओपन स्कूल से 10वीं एवं 12वीं की पढ़ाई की हो ।
- जो दूरस्थ शिक्षा से स्नातक/डिप्लोमा के प्रथम वर्ष में पढ़ रहा हो ।
- जो स्वंपाठी माध्यम से डिग्री/डिप्लोमा की पढ़ाई कर रही हो (Private Student)
- जो 10 वीं के साथ सीधा कोई डिप्लोमा कर रहे हों ।

संपर्क:- अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप फॉर गर्ल्स 2025-26 में आवेदन से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए आप नीचे दिए गए नंबरों पर हमसे संपर्क कर सकते हैं। हम केवल आवेदन प्रक्रिया से संबंध में ही जानकारी साझा कर पाएंगे ।

| ज़िले | संपर्क व्यक्ति एवं मोबाईल नंबर |
|---|---|
| जयपुर, अलवर, दौसा, सवाई माधोपुर, टोंक, झुंझुनू, सीकर, खैरथल-तिजारा | महमूद – 7073777729, देवेन्द्र जोशी- 9784594482 |
| जोधपुर, बाड़मेर, जैसलमेर, पाली, सिरोही, जालौर, बलोतरा | बालकिशन शर्मा – 9413001485, कोमल- 9116037522<br>विक्रम सिंह- 8003287331 |
| उदयपुर, राजसमंद, चित्तौड़गढ़, बांसवाड़ा, डूंगरपुर, प्रतापगढ़, सलूम्बर | मदन जातरा- 9829298918, विष्णु कुमार- |
| कोटा, बूंदी, बारां, झालावाड़ | जफर अली- 9919478386, बीरेंद्र शर्मा - 9001297034 |
| भरतपुर, धौलपुर, करौली, डीग, सवाईमाधोपुर | नरेंद्र सिंह - 9588031745 |
| बीकानेर, गंगानगर, हनुमानगढ़, चुरू | कमलजीत सिंह- 9694713115 |
| अजमेर, ब्यावर, भीलवाड़ा, नागौर, शाहपुरा , डीडवाना-कुचामन | जगदीश – 9928291815, जयकरण सिंह - 9828247123 |

**अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप फॉर गर्ल्स 2025-26**

(अप्लाई करने हेतु अंतिम तिथि-30 सितंबर )

स्कैन करके आवेदन करें




# अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप

## छात्राओं के लिए ₹30,000 सालाना स्कॉलरशिप

**योग्यता**

18 राज्यों और 1 केंद्रशासित प्रदेश की सभी छात्राएं जिनकी योग्यता इस प्रकार है:

- **कक्षा 10 और 12** दोनों कक्षाएं किसी पात्र राज्य/केंद्रशासित प्रदेश के सरकारी स्कूल या कॉलेज से **नियमित छात्रा** के रूप में पास की हों।
- शैक्षणिक सत्र 2025–26 में भारत के किसी मान्यता प्राप्त सरकारी या विश्वसनीय निजी कॉलेज/विश्वविद्यालय में पहले वर्ष की डिग्री या डिप्लोमा (2 से 5 वर्ष की अवधि) के पाठ्यक्रम में नियमित छात्रा के रूप में प्रवेश लिया हो।

अभी आवेदन करें

**आवेदन की तिथियां**

**पहला चरण:** 10 सितम्बर 2025 से 30 सितम्बर 2025

**दूसरा चरण:** 10 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026

**राज्य और केंद्र शासित प्रदेश**

अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, ओडिशा, पुदुचेरी, राजस्थान, सिक्किम, तेलंगाना, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, और उत्तराखंड